# सीएमपीडीआई में विश्व एड्स दिवस के 'समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह













रांची 04 दिसम्बर।

सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में विश्व एड्स दिवस के समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि श्री ए के देबनाथ, अधयक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने क्वीज प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी प्रथम-श्री राजेश कुमार, द्वितीय-सुश्री कीर्ति सहाय एवं तृतीय-श्री कुणाल शेखर को तथा मुख्य महाप्रबंधक श्री वी के सिन्हा ने नारा लेखन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी प्रथम-सुश्री प्रियंका भाटिया, द्वितीय-श्री मिथलेश कुमार सिंह को सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री देबनाथ ने कहा कि झारखंड के कोलफील्ड्स में एचआईवी/एड्स से बड़ी संख्या में पीड़ित है। इस दिशा में कोयला मंत्रालय एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से इसके जागरूकता एवं बचाव संबंधी कार्यक्रम चलाये जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि लोगों को रक्त दान करते समय एवं सैलून के प्रयोग के दौरान सावधानी बरती जानी चाहिए। इस बीमारी के उन्मूलन का मूलमंत्र जागरूकता एवं संयम बरतना ही है।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के डॉ शिल्पी स्वरूप ने कहा कि सीएमपीडीआई एचआईवी/एड्स बीमारी का लक्षण, पहचान एवं बचाव के बारे में सीएमपीडीआई पूरे समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। डॉ ओम प्रकाश  ने कहा कि भारत में 21 लाख लोग एचआईवी/एड्स से पीड़ित है जिनमें बच्चे एवं महिलाएं भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के कम्पनियों तथा राज्य सरकारों के प्रयास से एचआईवी/एड्स पीड़ित मरीजों की संख्या में करीब 57 फीसदी कमी आयी है। झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के सलाहकार डॉ देवाशीष चक्रवर्ती ने भी  अपने विचार रखे। इसके अलावा जेसीसी सदस्य श्री सर्वेश प्रसाद एवं श्री राज कुमार सिंह ने भी अपने अपने विचार प्रकट किए। मंच संचालन उप प्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) श्रीमती सुमन रस्तोगी एवं धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक श्री बिमलेन्दु कुमार ने किया।